# जहां पानी नलों से नहीं पहुंचे वहां टैंकर से पेयजलापूर्ति करें : कलेक्टर

- कंट्रोल रूम बना उपभोक्ताओं के लिए फोन नंबर जारी किये
- सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक उपभोक्ता दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**खैरथल, (निसं)।** नवगठित खैरथल तिजारा जिले में पानी की किल्लत को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली है। बैठक में जिला कलेक्टर ने पेयजल अधिकारियों से जिले की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को पेयजल ग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं वहीं उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दिए की विभाग की लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी कार्मिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव ने बताया कि विभाग द्वारा गर्मी को देखते हुए टैंकरों के माध्यम से ग्राामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें वर्तमान में पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र खैरथल एवं किशनगढबास में प्रतिदिन 15-20 टैंकर ट्रिप के माध्यम से पेजयल उपलब्ध करवाया जा रहा है।



कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने पेयजल की किल्लत देखते हुए अधिकारियों की बैठक बुला निर्देश दिये।

जिला कलक्टर शुक्ला ने बैठक में ग्रीष्म ऋतु में पानी की आपूर्ति को पूरा करने हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुराने, खराब पंप सेट एवं पैनल बदलने के निर्देश दिए ताकि सुचारू रूप से पानी की सप्लाई की जा सके। उन्होंने पुरानी पाइपलाइन बदलने के कार्यों की समीक्षा कर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने स्कूलों एवं आंगनबाडी केंद्रों पर शत प्रतिशत पेयजल कनेक्शन देने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्थाओं की प्रभावी मोनेंटरिंग / समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें पेयजल समस्या की शिकायत कन्ट्रोल रूम नम्बर 01460-298735 पर प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की जा सकती है। इसके अतिरिक्त पेयजल की किसी भी समस्या के वीडियो/फोटो द्वारा वाट्स-एप नम्बर 7374917525 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

## संक्षिप्त

### वोट डालने के लिए प्रेरित किया

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने आमजन को मतदान करने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसके तहत मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय की सभी आंगनवाडी महिला कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर रंगोली सजाकर एवं कस्बे में कलश यात्रा निकालकर सभी मतदाताओं को अपना वोट अवश्य डालने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ दिलाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तहसीलदार सीमा घुणावत, महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ सुमन शर्मा एवं महिला पर्यवेक्षक दुलारी मीणा भी उपस्थित थी।

### खेत में कार्य करते किसान की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम भौनावास में एक खेत में कृषि कार्य कर रहे कृषक की मृत्यु का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज सिंह पुत्र मुंशी सिंह राजपूत निवासी ग्राम भौनावास ने प्रागपुरा थाने में दर्ज करवाया कि परिवादी के ताऊ प्रताप सिंह पुत्र सोहन सिंह विगत 19 अप्रैल को दोपहर करीब 3-4 बजे एक खेत में कार्य कर रहे थे। तभी अचानक बेहोश हो गये। उसी समय पीडित प्रताप सिंह को पावटा सीएचसी में ले जाया गया। जहाँ चिकित्सक ने सीने का दर्द बताते हुये जयपुर रैफर कर दिया। इसी दौरान रास्ते में दर्द के तेज हो जाने पर निम्स अस्पताल चंदवाजी में भर्ती करवाया गया। जहाँ उपचार के दौरान प्रताप सिंह की मृत्यु हो गई। मृतक के तीन लडकी व एक लडका है। पुलिस ने परिवाद मृग दर्ज कर लिया है।

### पद यात्रा में गूंजे बालाजी के जयकारे

**कोटपूतली, (निसं)।** समीपवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा में श्री जीण माता मन्दिर से मंगलवार को झीडा वाले बालाजी बजरंगपुरा आंतेला के लिए अखण्ड ज्योति के साथ तृतीय पद यात्रा को सुबेसिंह भगत ने रवाना किया। पदयात्रा से पूर्व झांकी व ध्वजों की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई। बालाजी की शोभा यात्रा डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गों से होकर रवाना हुई। पदयात्री कोटपूतली, पावटा से होते हुए आंतेला के झीड़ा वाले बालाजी मंदिर में पहुंचकर ध्वज चढायेगें। इस मौके पर भगत सुबेसिंह कसाना, जगदीश दादरवाल, हंसराज दायमा, रोहिताश, खेमचंद, शीशराम, अशोक, विजेन्द्र, सुभाष, भानू, मोनू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पुल का निर्माण करने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर रेलवे स्टेशन पर पुल का निर्माण करवाने की मांग को लेकर नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने रेल प्रशासन को इसके लिए पत्र लिखकर अनुरोध किया है। इन्होंने बताया कि प्रतिदिन 12 सवारी ट्रेनों का आवागमन होता है तथा प्रतिदिन यहाँ से 1500 से 2000 यात्रियों का आना जाना रहता है। यहाँ प्लेटफॉर्म नं. 2 से 1 पर आने जाने में यात्रियों को अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पडता है तथा जोखिम रहता है कि कोई दुर्घटना ना हो जाये। स्टेशन पर एक पुल का निर्माण शीघ्र करवाया जाये जिसमें विशेषकर वृद्धजन एवं दिव्यांग यात्रियों के मद्देनजर सीढी वाले पुल के साथ विशेषकर स्लोपिंग रैंप भी लगवाई जाये ताकि सभी यात्रीगण को प्लेटफार्म पर आने जाने की सुविधा मिल सके।

### सतरंगी सप्ताह के तहत रंगोली सजाई

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत रजवास में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक एंव स्वीप योजना के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह के छठे दिन रंगोली का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार परिडवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जागरूकता के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ता गिरधारीपुरा चन्द्रकला चौधरी के द्वारा रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसमे 26 अप्रैल 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व पुरुषों को मतदान करने के लिए आ ान किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, ई-मित्र संचालक किशन चौधरी, वार्डपंच रेखा देवी, आंगनबाडी कार्यकर्ता कमलेश जाट, सहायिका गीता देवी, द्वारिका देवी, सुनिता देवी, रामलाल जाट व लाडा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बीए पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षाएं 9 मई से

**निवाई, (निसं)।** महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा बीए पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार बीए पार्ट द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 9 मई से प्रारम्भ हो होगी।


प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षाएं सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र पर आधे घण्टे पूर्व उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि 9 मई को अंग्रेजी साहित्य प्रथम, 24 को संस्कृत प्रथम, 31 मई को अंग्रेजी साहित्य द्वितीय प्रश्नपत्र, 10 जून को संस्कृत द्वितीय प्रश्नपत्र, 11 जून को इतिहास प्रथम, 13 जून को इतिहास द्वितीय प्रश्नपत्र, 15 जून को राजनीति विज्ञान प्रथम, 18 जून को पर्यावरण अध्ययन, 19 जून को उर्दू व हिन्दी साहित्य प्रथम, 2० जून को भूगोल प्रथम, 21 जून को को उर्दू एवं हिन्दी साहित्य द्वितीय प्रश्नपत्र, 24 जून को राजनीति विज्ञान द्वितीय प्रश्नपत्र, 25 जून को भूगोल द्वितीय प्रश्नपत्र, 4 एवं 5 जुलाई को पर्यावरण अध्ययन की परीक्षाएं आयोजित होगी। उन्होंने बतायों कि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी निश्चित तिथि व वार के आधार पर परीक्षा में यथासमय भाग लेवे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली

- जगह-जगह भक्तों ने प्रसाद वितरण किया
- हनुमान मंदिरों में सजावट हुई

**किशनगढ़बास, (निसं)।** पुराना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय हनुमान महाराज के जन्मोत्सव का शुभारंभ सुबह रामायण पाठ प्रारंभ कर किया गया। सायं काल हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सिंघल व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी सहित अतिथियों ने किया।

पुराना बाजार स्थित हनुमान मंदिर से सायं 6 बजे बैंड बाजा व ढोल नगाडों के साथ प्रारंभ हुई शोभा यात्रा मुख्य बाजार से होती हुई गंज रोड नगर पालिका के सामने से काले खां बाग अलवर रोड पुराने ग्राम पंचायत भवन के सामने से होते हुए रात्रि करीब 9 बजे मंदिर पर वापस पहुंची। इस बीच जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने जगह-जगह लड्डू शर्बत आदि की स्टाल लगाकर लड्डुओं का वितरण किया व लोगों को मीठा जल पिलाया। समिति सदस्य नवीन जैन ने बताया कि शोभायात्रा में करीब 20 से अधिक झांकियां निकाली गई। जिसमें गणपति महाराज, हनुमान जी, राम दरबार, शिव परिवार राधा कृष्ण सहित अन्य देवताओं की झांकी सजाई गई। मंदिर महंत कालूराम शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर शोभायात्रा का शुभारंभ कराया। शोभा यात्रा के शुभारंभ पर पहुंचे अतिथियों का समिति के मदन लाल अग्रवाल, विनय गोयल, नवीन जैन, चंद्र प्रकाश शर्मा सहित सदस्यों ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।



हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई।

**पावटा।** कस्बे स्थित किला धाम स्थित श्री हनुमान मंदिर बजरंग मेला कमेटी किला धाम के तत्वाधान में हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का कस्बे के मुख्य मार्गों में पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा में लोग भगवा झंडा लिए जय श्री राम बजरंग बली के नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा किलाधाम स्थित श्री हनुमान मंदिर से निकाली गई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का कस्बे के मुख्य मार्गों में पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के हनुमान मंदिरों में आकर्षक साजसज्जा की गई है।

## 15 हजार का इनामी गैंगस्टर पकड़ा

**जयपुर, (निसं)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने शाहपुरा जिले के थाना शाहपुरा इलाके में बडी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 5 साल से फरार 15 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर शेरू खान शेरू मोहम्मद पुत्र अब्दुल मजीद गोरी उर्फ मजीद खान (27) निवासी बुचकला थाना पीपाड़ जिला जोधपुर को नाकाबंदी में डिटेन किया। जिसे थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी एजीटीएफ विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल राकेश जाखड को गैंगस्टर शेरू खान के बारे में प्राप्त आसूचना को डवलप करने हैड कांस्टेबल राकेश जाखड सहित महेश सोमरा, रविंद्र सिंह, महावीर सिंह शेखावत, शंकर दयाल शर्मा व कमल सिंह एवं कांस्टेबल नरेश की विशेष टीम गठित की गई। सूचना पुख्ता होने पर सोमवार को एजीटीएफ जयपुर व थाना शाहपुरा पुलिस की टीम ने थाने के सामने नाकाबंदी कर बस से आ रहे गैंगस्टर शेरू खान उर्फ शेरू मोहम्मद को घेर कर दबोच लिया। जिसे थाना पुलिस की टीम ने अपने मामले में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना बिलाडा व पीपाड सिटी पर आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## सार-समाचार

### एक रूपया, नारियल में की शादी



**बस्सी, (कासं)।** जामडोली के सुमेल निवासी बलराम लाखीवाल ने शगुन के तौर पर केवल एक रूपया और नारियल लेकर शादी कर समाज को बिना दहेज के शादी करने का संदेश दिया। सुमेल निवासी बलराम लाखीवाल पुत्र अर्जुनलाल ने अपने पिता अर्जुनलाल व बड़े भाई पटवारी कृष्ण कुमार लाखीवाल की प्रेरणा से बीड की ढाणी जयसिंहपुरा अजमेर रोड जयपुर निवासी रामचन्द्र बागड़ी की पुत्री प्रीति से केवल रस्म के तौर पर एक रूपया और नारियल लेकर शादी की है। बलराम लाखीवाल भी पटवारी है जो लवाण में कार्यरत हैं। वर-वधु को आदर्श नगर विधायक रफीक खान के बडे भाई फिरोज खान, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रमोहन मीणा, बस्सी प्रधान इंदिरा शर्मा, सुमेल व खेडी खोखाला सरपंच व कृष्ण कुमार लाखीवाल बस्सी के पटवारी शेरसिंह मीणा सहित उनके स्टाफ के सदस्यों ने आशीर्वाद देकर नव दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी।

### महिला मार्च को हरी झंडी दिखाई

**मालपुरा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान का प्रतिशत बढाये जाने को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत सोमवार को शहर में महिला मार्च निकाला गया। स्विप कार्यक्रम नोडल प्रभारी सतपाल कुमावत, प्रधानाचार्या अनुपम कालरा, सीडीपीओ शबनम सिद्धी ने महिला मार्च को झण्डी दिखा कर रवाना किया। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं सहित मौजूद महिलाओं ने वोट करूंगी तभी तो बढूंगी जैसे नारे लगाते हुये नगरपालिका से गांधी पार्क तक जनजागरूकता रैली के रूप मे महिला मार्च निकाला गया व आमजन को 26 अप्रेल को सारे काम छोड पहले करो मतदान का संदेश दिया गया। बाबूलाल यादव,जगदीश गुर्जर,अमित पारीक सहित स्विप टीम मौजूद रही। इसी क्रम मे शहर मे संचालित कोचिंग संस्थानो के युवाओं ने भी फलोदी बालाजी क्षेत्र मे जनजागरूकता रैली निकाली। सुभाष सर्किल पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने 26 अप्रेल मतदान को लेकर रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।

### श्याम बाबा की शोभायात्रा निकाली

**नारायणपुर, (निसं)।** क़स्बा स्थित श्याम मंदिर में सोमवार को बडी धूमधाम से 38वाँ मेला आयोजित हुआ। मेले के दौरान सुबह से ही मंदिर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के धोक देकर व प्रसाद चढाकर मन्नौती मांगी व घर में सुख शांति की कामना की। मेले के दौरान शाम 3 बजे ख़ुशी झांकी आर्ट ग्रुप बल्वगढ (फरीदाबाद) के द्वारा कस्बे के मुख्य मार्ग से बजरंग बलि, शंकर भगवान, राधा-कृष्ण सहित श्याम बाबा की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान श्याम भक्त नृत्य करते दिखे। वही दोपहर 12 बजे से श्याम मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे आसपास क्षेत्र के लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर श्याम मंदिर महंत मुन्नादास महाराज, अध्यक्ष राजेश कुमार गर्ग, संस्थापक नरेश कुमार पंचोली, संयोजक जगदीश प्रसाद, राकेश शर्मा, मुकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे।

### कलश यात्रा निकाली

**मालपुरा, (निसं)।** औंकारेश्वर मंदिर समिति एवं आदर्श नगर समस्त आमजन की और से आयोजित राम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारम्भ सोमवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। नवीन मंडी केदारनाथ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुये नगर परिक्रमा कर आदर्श नगर औंकारेश्वर मंदिर पहुंचे। विद्वान पंडितों द्वारा राम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा अर्चना शुरू की गई। कलश यात्रा के साथ झांकी के रूप मे नवीन प्रतिमाओं को नगर भ्रमण करवाया गया। राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अन्तर्गत मंगलवार को नित्यार्चन एवं हवन पूजा होगी। बुधवार को प्रात: शुभ मुहुर्त मे राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा व दोपहर मे महाआरती का आयोजन होगा। कलश यात्रा के दौरान वार्ड पार्षद डॉ. अंकित कुमार जैन सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### रूपयों से भरा बैग चोरी

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह शहर के चारभुजा मंदिर के पास सोमवार की दोपहर एक ग्रामीण बुजुर्ग की नजर चुरा शातिर चोर रूपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। पीडित ग्रामीण शंकर जाट निवासी बनेडिया ने बताया कि उसके घर में बेटे की शादी को लेकर सोमवार को वो दुल्हन के लिये आभूषण खरीदने टोडारायसिंह पहुंचा था। शहर के प्रमुख सर्राफा मार्केट चारभुजा मंदिर के पास आभूषण व्यापारी जटाशंकर अशोक कुमार की दुकान पर पहुंचा। इसी दौरान रैंकी करते हुये चोरों ने उसकी नजर चुरा रूपयो से भरा चुरा ले भागे। पिडित ने टोडारायसिंह थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज कर पुलिस ने दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगालने का काम शुरू किया। ग्रामीण ने बताया कि आठ लाख रूपयों से भरा बैग चोरी हो जाने से शादी की खुशियां फिकी पड गई है। परिवार में महिलाओं के होश उड गये।

### पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली

**सांभरझील, (निसं)।** अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.स. 1) बृजेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस जागरूकता कार्यक्रम तेली दरवाजा रोड से निकाली गई। इसके अंतर्गत पर्यावरण, वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों, बाल विवाह निषेध, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के प्रति जागरूकता हेतु भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तालुका विधिक सेवा समिति प्रभारी चान्दमल सांभरिया ने की। इस अवसर पर कहा कि कुदरत का आंचल प्यारा है, उसे संभालना फर्ज हमारा है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर मड बाथ का आयोजन

**निवाई, (निसं)।** पृथ्वी संरक्षण को लेकर विश्व पृथ्वी दिवस पर मड बाथ का आयोजन किया गया। डॉ. रविकांत शर्मा ने बताया कि श्री प्रभु कृपा योग प्राकृतिक चिकित्सालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर मड बाथ कराया गया। मड बाथ मिट्टी स्नान को लेकर मिट्टी के उपचारीय गुणों पर प्रकाश डाला गया।

मिट्टी में भीषण से भीषण दुर्गंध को मिटाने की शक्ति होती है। मिट्टी में सर्दी और गर्मी को रोकने का सामर्थ्य होता है। इसी कारण योगी लोग सर्दी गर्मी में मिट्टी का लेप लगाते हैं। मिट्टी में घोलने की विलक्षण शक्ति होती है। मिट्टी में विष को उतारने की अद्भुत क्षमता होती है। डॉ लिण्डल्हार के अनुसार मिट्टी त्वचा के रोम कूपों को खोलकर, रक्त को ऊपरी भाग में खींचकर अंदर के दर्द एवं रक्त संचय को दूर करती है और विजातीय द्रव को बाहर निकालती है। विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पृथ्वी संरक्षण व पृथ्वी प्रदूषण को लेकर जानकारियां दी एवं पृथ्वी से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। डॉ. माया शर्मा ने बताया कि स्वस्थ इंसान को भी सप्ताह में एक बार मड बाथ लेना चाहिए। मड बाथ लेने से शरीर का विजातीय द्रव बाहर निकलता है एवं व्यक्ति स्वस्थ रहता है। मिट्टी में कई प्रकार के औषधीय गुण पाए जाते हैं। इंसान प्रकृति की शरण में रहकर स्वस्थ व दीर्घ जीवन प्राप्त कर सकता है।



निवाई में श्री प्रभु कृपा योग प्राकृतिक चिकित्सालय में मड बाथ कराया गया।

## चाणनपुरा के ग्रामीणों ने मतदान करने पर सहमति जताई

- संबंधित विभाग द्वारा 25 अप्रेल तक काम चालू करने की सहमति ग्रामीणों के साथ हुई

**टोंक, (निसं)।** दूनी तहसील की ढीकला की ढाणी ग्राम चाणनपुरा के ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा के निर्देश पर सोमवार को तहसीलदार दूनी, नायब तहसीलदार, बीसलपुर परियोजना के सहायक अभियंता एवं श्री हरी कंपनी के ठेकेदार के साइट इंजीनियर ढीकला की ढाणी चाणनपुरा पहुंचकर ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए समझाया।

सहायक निर्वाचन अधिकरी एवं दूनी तहसीलदार ने बताया कि ढीकला की ढाणी चाणनपुरा के ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार नहीं करने पर अपनी सहमति जताई। ग्रामीणों ने कहा कि चाणनपुरा ढाणी को जल जीवन मिशन में पेयजल के लिए घर-घर कनेक्शन दिये हुए है, जो कि ग्राम ढीकला से जुडा हुआ है। ग्राम ढीकला की ढाणी चाणनपुरा ऊँचाई पर होने के कारण पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके लिए ग्रामीणों ने चाणनपुरा ढाणी को चक आनंदपुरा वीटीसी से जोड़ने के लिए कहा। इस संबंध में सहायक अभियंता बीसलपुर परियोजना द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता करने पर ढाणी चाणनपुरा को चक आनंदपुरा से जोडने की सहमति मिलने पर ग्रामवासियों ने चुनाव से पूर्व कार्य चालू करवाने पर लोकसभा मतदान में भाग लेने पर अपनी सहमति व्यक्त की है। संबंधित विभाग द्वारा 25 अप्रैल तक काम चालू करने की सहमति ग्रामीणों के साथ हुई।

## पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

- निवाई में पृथ्वी दिवस पर लगाएं 101 पौधे

**टोंक, (निसं)।** जिला पर्यावरण समिति एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा पृथ्वी दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्ट्रेट टोंक में परिंडा अभियान का शुभारंभ करते हुए उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने कहा कि जैव विविधता, प्रकृति संरक्षण की महत्ती आवश्यक है, जीव मात्र की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

उन्होंने स्काउट गाइड को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों की जन सामान्य को जानकारी देने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी कमिश्नर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता ने नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रम के बारे में बताया। सी. ओ. (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग, सी.ओ. गाइड आचु मीणा, सहा. कमिश्नर राजेश्वरी वर्मा, जसवंत सिंह नरूका सचिव बनवारी लाल बैरवा ने प्रकृति संरक्षण प्रदूषण निवारण की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राजकीय दरबार उ. मा. विद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में वेदिका सोलंकी, किरण बैरवा, पायल चावला, मनीषा सैनी, प्रियंका तसेरा को पुरस्कृत किया गया।



टोंक में पृथ्वी दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ।

**निवाई।** स्थानीय नगरपालिका में सोमवार को पृथ्वी दिवस को लेकर अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट के नेतृत्व में नगरपालिका में पौधरोपण करके अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राजस्व निरीक्षक मनीष गौर ने बताया कि पृथ्वी दिवस पर पालिका परिसर में नीम, पीपल, शीशम, गुलमोहर, बिलवपत्र, अशोक, करंज वं सफेदा सहित 101 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मनीष गौर, सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीना, कनिष्ठ अभियंता राजप्रतापसिंह राणावत, कनिष्ठ अभियंता पप्पूलाल मीना, सामुदायिक संगठक गणेश शर्मा, एमआईएस इन्जीनियर रजत बेनीवाल, सहायक अग्निशमन अधिकारी राजेन्द्रकुमार मीणा, वरिष्ठ सहायक हरीश मीणा, कनिष्ठ सहायक पवन वर्मा, फायर मैन अजय यादव, हनुमान गुर्जर, राकेश मीणा आदि कर्मचारी मौजूद थे।

**मालपुरा।** तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा द्वारा सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वन विभाग के सहयोग से नवीन न्यायालय परिसर मे आयोजित वृक्षारोपण अभियान के तहत कृष्ण मुरारी जिन्दल अपर जिला एवं सैशन, सुश्री रेशमा जानवानी अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,धर्मेन्द्र कुमार शर्मा सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अभिभाषक संघ अध्यक्ष रवि कुमार जैन ने अभिभाषको की मौजूदगी में न्यायालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## सरपंच ने पेयजल समस्या पर कलेक्टर को पत्र लिखा

- सात दिवस में उक्त समस्या का निराकरण नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काजीपुरा के सरपंच नवरतन कुमावत ने क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में व्याप्त भीषण पेयजल समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को एक पत्र लिखा है।

सरपंच कुमावत ने पत्र में बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक योजना हर घर नल योजना भी है। इस योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध करवाना है। आगे बताया कि इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्येक घर तक नल का कनेक्शन उपलब्ध करवाकर प्यास बुझाना है। परन्तु विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्थानीय पंचायती क्षेत्र में उक्त योजना का लाभ क्षेत्र वासियों को नहीं मिल पा रहा है। जबकि भीषण गर्मी ने भी अपनी दस्तक दे दी है। इस ऋतु में पानी की समस्या प्राय: बनी रहती है।

उक्त समस्या को लेकर पत्र के माध्यम से बताया कि हर घर नल से जल योजना के तहत ग्राम काजीपुरा में पेयजल कनेक्शन दिये जा रहे है। इसके तहत करीब 20 प्रतिशत ग्रामवासियों को पेयजल कनेक्शन नहीं दिये गये है। साथ ही आगे बताया कि वैसे भी ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। क्योंकि इनके पास गौ-धन सहित अन्य कई पालतू एवं दूधारू पशुओं को पालने का कार्य किया जाता है।

अत: उक्त पेयजल समस्या को लेकर ग्राम वासियों में भारी आकोश व्याप्त है। इसी क्रम में सरपंच ने आगामी 7 दिवस में उक्त भीषण पेयजल समस्या का निराकरण करवाने का आग्रह किया है। साथ ही उक्त समस्या का जल्द ही समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।